# 24 न्यूज अपडेट
ई-न्यूज

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, मंगलवार 23 सितम्बर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com




## नवरात्रि से पहले कारों की बंपर बिक्रीः मारुति, हुंडई और टाटा ने तोड़े रिकॉर्ड




24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। देश की टॉप ऑटोमोबाइल कंपनियों मारुति, हुंडई और टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन रिकॉर्ड तोड़ते हुए कुल 51,000 से ज्यादा कारें बेचीं। इस दौरान GST की नई दरें 22 सितंबर से लागू होने के कारण कार की कीमतें पिछले 4 साल के स्तर पर आ गईं, वहीं कंपनियों ने फेस्टिव ऑफर में 10% से ज्यादा की छूट भी दी।

मारुति ने 30 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

मारुति ने नवरात्रि के पहले दिन करीब 30,000 कारें बेचीं, जबकि 80,000 लोग शोरूम पहुंचे। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि यह पिछले 30 साल में सबसे जबरदस्त रिस्पॉन्स है। छोटी कारों की कीमतें 10-15% तक कम होने के कारण मिडिल क्लास परिवार सीधे शोरूम पहुंचे।

हुंडई की 5 साल में बेस्ट परफॉर्मेंस

हुंडई ने करीब 11,000 कारें बेचीं, जो पिछले 5 साल में एक दिन की सबसे अच्छी बिक्री है। खासतौर पर ग्रैंड i10 नियोस और क्रेटा मॉडल की सबसे ज्यादा डिमांड रही। एक डीलर ने कहा, "GST कम होने की वजह से सुबह से शोरूम में लंबी लाइन लगी रही।"

टाटा ने भी किया रिकॉर्ड

टाटा मोटर्स ने भी 10,000 कारों की डिलीवरी दर्ज की, जो कंपनी के लिए अब तक की सबसे बड़ी एक दिन की बिक्री है। नेक्सॉन और पंच SUV मॉडल्स की डिमांड सबसे ज्यादा रही। कंपनी ने बताया कि यह शुरुआत है और आने वाले दिनों में और बिक्री बढ़ेगी।

GST दरों में बदलाव

4 मीटर तक लंबी और 1200CC पेट्रोल कारः 28% से घटकर 18% GST

4 मीटर तक लंबी और 1500CC डीजल कारः 28% से घटकर 18% GST

4 मीटर से लंबी और ज्यादा इंजन वाली कारों पर 40% GST लागू

डिस्काउंट और इंसेंटिव में इजाफा

मार्केट इंटेलिजेंस जैटो डायनेमिक्स के मुताबिक अगस्त में कारों पर औसत इंसेंटिव बढ़कर 45,391 रुपए हो गया, जो पिछले साल 41,514 रुपए था। खासकर हैचबैक कारों पर 102% तक इंसेंटिव बढ़ा, जबकि सेडान और SUV पर इंसेंटिव घटा। कंपनियों के डिस्काउंट बढ़ाने की वजहें नवरात्रि से फेस्टिव सीजन की शुरुआत, कार खरीदना शुभ माना जाता है।

जनवरी-जून में 22 लाख वाहन बिके, बिक्री 1.4% बढ़ी, कंपनियों पर दबाव। अगस्त में कंपनियों के पास 56 दिन का स्टॉक, जबकि इंडस्ट्री के लिए 21 दिन पर्याप्त। पेट्रोल कारों पर इंसेंटिव 14% बढ़कर 44,733 रुपए, डीजल पर 32.5% घटाकर 45,887 रुपए।

## बाबरी के बदले बनने वाली मस्जिद का नक्शा खारिजःअयोध्या में 6 साल बाद भी 8 विभागों ने NOC नहीं दी; 5 एकड़ जमीन मिली थी



24 न्यूज अपडेट

अयोध्या में बाबरी मस्जिद की जगह बनने वाली मस्जिद का नक्शा खारिज कर दिया गया है। यह मस्जिद राम मंदिर से करीब 25 किमी दूर है, जो सोहावल तहसील के धन्नीपुर गांव में प्रस्तावित है।

अयोध्या विकास प्राधिकरण (ADA) ने मस्जिद के लेआउट प्लान को खारिज कर दिया है। कई सरकारी विभागों की ओर से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाणपत्र (NoC) जारी नहीं किया गया था। इसी को आधार बनाकर यह कार्रवाई की गई है। इसका खुलासा एक आरटीआई के जवाब में हुआ है।

9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर फैसला सुनाया था। हिंदू-मुस्लिम पक्ष को अपने-अपने धार्मिक स्थल बनाने के लिए जमीनें मिलीं। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ जमीन दी गई।

3 अगस्त, 2020 को तत्कालीन अयोध्या डीएम अनुज कुमार झा ने अयोध्या के पास धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को ट्रांसफर कर दी। मस्जिद ट्रस्ट ने 23 जून, 2021 को प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए आवेदन किया था। तब से मंजूरी पर कोई अपडेट नहीं आया।

## RSSB अध्यक्ष आलोक राज का मजेदार ट्वीटः बोले- गर्लफ्रेंड के पापा को एक हफ्ता वेट करने को कहो




24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) के अध्यक्ष आलोक राज अपने चुटीले अंदाज़ और सोशल मीडिया जवाबों को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने स्टेनोग्राफर भर्ती परिणाम में देरी को लेकर सवाल पूछने वाले कैंडिडेट को मजेदार जवाब दिया। एक यूजर ने X (ट्विटर) पर रिजल्ट की देरी से नाराज़गी जताते हुए मीम शेयर किया— "बाबूजी CGL वाले से शादी कर रहे हैं, स्टेनो का कोई पता नहीं"। इस पर आलोक राज ने चुटकी लेते हुए रिप्लाई किया— "मीणा जी, अपनी गर्लफ्रेंड को बोलो वो अपने बाबूजी को इस हफ्ते तक वेट करने के लिए मना ले। आपकी भी निकल पड़ेगी फिर।"

### सेंट्रल बनाम स्टेट जॉब पर राय

इसी बीच एक अन्य कैंडिडेट ने उनसे मार्गदर्शन मांगा कि यदि उसका SSC जीडी और फोर्थ ग्रेड दोनों में चयन हो जाए तो किस नौकरी को चुने। इस पर आलोक राज ने लिखा— "यदि दोनों में सिलेक्शन हो तो SSC जीडी बेहतर है। सेंट्रल की नौकरी है, प्रमोशन के चांस ज्यादा हैं, सम्मान भी ज्यादा मिलेगा और पूरे देश को देखने का मौका मिलेगा। लेकिन यदि आप अपने जिले और घर के पास रहना चाहते हैं तो चतुर्थ श्रेणी ठीक रहेगी।"

### सोशल मीडिया पर वायरल

आलोक राज के इन जवाबों ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं। कैंडिडेट्स ने उनकी ह्यूमर और व्यवहारिक सलाह की तारीफ की है।

## रुपया रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आयाःडॉलर के मुकाबले 10 पैसे गिरकर 88.49 पर पहुंचा, विदेशी सामान महंगे होंगे



24 न्यूज अपडेट

रुपया आज (23 सितंबर) डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। सुबह के कारोबार में रुपया 88.49 तक लुढ़क गया, जो दो हफ्ते पहले के ऑल टाइम लो (88.46) को पार कर गया।

सुबह रुपया 10 पैसे की गिरावट के साथ 88.41 प्रति डॉलर पर खुला। सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ 88.31 पर बंद हुआ था। ये गिरावट तब हुई जब एशियाई बाजारों में डॉलर में थोड़ी सी कमी आई थी।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रुपए में इस गिरावट की वजह एशियन करेंसी की कमजोरी और अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना है। ऊपर से अमेरिकी टैरिफ और H1B वीजा फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर किया जाना है। इस वजह से रुपए पर दोहरी मार पड़ी है।

रुपया 2025 में अब तक 3.25% कमजोर हो चुका है। 1 जनवरी को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.70 के स्तर पर था, जो अब 88.49 के लेवल पर पहुंच गया है। करेंसी एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई नीतियां भी रुपये पर भारी पड़ रही हैं।

## सोना ऑलटाइम हाई पर, 2159 महंगा होकर 1.14 लाख पारःचांदी की कीमत भी 2398 बढ़ी, अब 1.35 लाख प्रति किलो पर पहुंची




24 न्यूज अपडेट

आज यानी मंगलवार, 23 सितंबर को सोने-चांदी के दाम एक बार फिर नए हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2159 रुपए बढ़कर 1,14,314 पर पहुंच गया है।

कल सोना 1,12,155 के ऑल टाइम हाई पर था। वहीं, चांदी भी 2398 रुपए महंगी होकर 1,35,267 रुपए पहुंच गई। कल इसका भाव 1,32,869 रुपए प्रति किलोग्राम के ऑल टाइम हाई पर था।

## सूरत के सरकारी अस्पताल में आसाराम की तस्वीर रखकर पूजा, वीडियो वायरल होने पर हंगामा



24 न्यूज अपडेट

सूरत। बलात्कार मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 वर्षीय आसाराम को लेकर उसके अंधभक्त विवादों में घिर गए हैं। सोमवार को गुजरात के सूरत स्थित नए सिविल अस्पताल में आसाराम के समर्थकों ने स्टेम सेल भवन के गेट पर उसकी तस्वीर रखकर पूजा-आरती का आयोजन किया। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस आयोजन में वरिष्ठ डॉक्टर, नर्स और सुरक्षाकर्मी भी शामिल हुए। आरती के दौरान भजन और मंत्रोच्चार किए गए। इस दौरान नवरात्रि में मां दुर्गा या किसी देवता की जगह आसाराम की पूजा करने पर विवाद और गहरा गया। अस्पताल प्रशासन बेखबर सिविल अस्पताल की अधीक्षक डॉ. धारित्री परमार ने कहा कि वे छुट्टी पर हैं और उनसे कोई अनुमति नहीं ली गई। घटना का वीडियो वायरल होते ही स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताया।

### कोर्ट से लगातार झटके

27 अगस्तः राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम की अंतरिम जमानत बढ़ाने से इनकार किया और फटकार लगाई।

30 अगस्तः आसाराम ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर किया।

16 सितंबरः अहमदाबाद सिविल अस्पताल की मेडिकल रिपोर्ट की प्रतिलिपि मांगने पर राजस्थान हाईकोर्ट ने अर्जी दूसरी बेंच में लगाने को कहा।

23 सितंबरः गुजरात हाईकोर्ट ने भी मेडिकल ग्राउंड पर जमानत बढ़ाने से इनकार कर दिया। अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी।

बार-बार मेडिकल छूट और दर्शन

6 सितंबर से आसाराम बांसवाड़ा के आरोग्यम हॉस्पिटल में भर्ती है। यहां भी वह रोजाना टहलते हुए समर्थकों को दर्शन देता है। इससे पहले 4 सितंबर को वह जांच के लिए जोधपुर एम्स गया था।

### रेप मामलों में सजा

आसाराम को 2018 में जोधपुर कोर्ट और 2023 में गांधीनगर कोर्ट ने बलात्कार के मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बावजूद वह अक्सर मेडिकल कारणों से जेल से बाहर आता रहा है।

## ऊपरी स्तर से 370 अंक गिरकर बाजार बंदःसेंसेक्स 58 अंक नीचे 82,102 पर आया; IT, मीडिया और रियल्टी शेयरों में गिरावट रही




24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार, 23 सितंबर को सेंसेक्स 58 अंक गिरकर 82,102 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 33 अंक की गिरावट रही, ये 25,170 पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार में सेंसेक्स में 370 अंकों का उतार-चढ़ाव रहा।

सेंसेक्स के 30 में से 17 शेयरों में गिरावट रही। टेक महिंद्रा, ट्रेंट, HUL, अल्ट्राटेक सीमेंट और एशियन पेंट्स के शेयर्स 2% तक गिरकर बंद हुए। एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, मारुति, SBI, कोटक बैंक, टाटा स्टील और NTPC के शेयर्स 2% तक चढ़े।

निफ्टी के 50 में से 31 शेयर्स नीचे बंद हुए। NSE का मेटल और बैंकिंग इंडेक्स 1% चढ़कर बंद हुए। वहीं, FMCG, IT, मीडिया और रियल्टी शेयरों में गिरावट रही।

## 13 साल का अफगान लड़का प्लेन के लैंडिंग गियर में छुपकर दिल्ली पहुंचा, सुरक्षित बचने पर एजेंसियां हैरान



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। अफगानिस्तान से एक 13 वर्षीय लड़का हवाई जहाज के लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट में छुपकर भारत आ गया। यह घटना रविवार, 21 सितंबर की है। लड़का अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार, KAM एयरलाइन की फ्लाइट RQ-4401 काबुल के हामिद करजई एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 8:46 बजे रवाना हुई और सुबह 10:20 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर उतरी। लैंडिंग के बाद एयरलाइन कर्मचारियों ने विमान के पास एक बच्चे को घूमते देखा और तुरंत अधिकारियों को सूचित किया। CISF ने लड़के को हिरासत में लेकर पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में लड़के ने बताया कि उसने यह कदम जिज्ञासा के कारण उठाया। वह देखना चाहता था कि हवाई जहाज से इस तरह यात्रा करना कैसा होता है। अधिकारियों के अनुसार, लड़का काबुल एयरपोर्ट की सुरक्षा चकमा देकर किसी तरह विमान के पिछले लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट में घुस गया था। सुरक्षा जांच में वहां से एक छोटा लाल रंग का स्पीकर भी मिला, जो वह अपने साथ लाया था। उसी दिन लड़के को उसी फ्लाइट से अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया।

एजेंसियां हैरान – कैसे बच गया बच्चा

सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि विमान के लैंडिंग गियर के पास छुपकर यात्रा करना जानलेवा होता है। 30 हजार फीट की ऊंचाई पर तापमान माइनस 40 से माइनस 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है और ऑक्सीजन की कमी से कुछ ही मिनटों में बेहोशी या मौत हो सकती है। दुनियाभर में ऐसे मामलों में जीवित बचने की संभावना केवल 20% के आसपास होती है।

2021 की यादें ताजा

अफगानिस्तान से भागने के ऐसे खतरनाक प्रयास पहले भी सामने आए हैं। अगस्त 2021 में काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद हजारों लोग देश छोड़ने के लिए हामिद करजई एयरपोर्ट पहुंच गए थे। उस दौरान अमेरिकी मिलिट्री प्लेन में चढ़ने की कोशिश में कई अफगान नागरिक विमान के पहियों से लटक गए थे और उड़ान भरते ही आसमान से गिरकर उनकी मौत हो गई थी।

## संपादकीय : दुरुस्त आयद

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार सोमवार से लागू हो गए। इसके बाद कई आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर दरों में कटौती से आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि इससे स्थानीय विनिर्माण आधार को भी मजबूती मिलेगी तथा बचत, निवेश और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसमें दोराय नहीं कि वर्ष 2017 में शुरू हुए जीएसटी के सफर में सुधारों का यह महत्त्वपूर्ण पड़ाव है। इससे न केवल उपभोक्ताओं, बल्कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम स्तर के उद्योगों को भी राहत मिलने की बात की जा रही है। मगर, सवाल यह है कि क्या करों में कटौती का सीधा और तत्काल लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच पाएगा ? हालांकि, सरकार का दावा है कि यह सुनिश्चित करने के लिए माकूल व्यवस्था की जा रही है, लेकिन यह भी सच है कि करों में कटौती के प्रभाव को लेकर आम उपभोक्ताओं के पिछले अनुभव संतोषजनक नहीं रहे हैं। ऐसे में देखना होगा कि मौजूदा कर सुधार उम्मीदों की कसौटी पर कितने खरे उतर पाते हैं। जीएसटी सुधारों की एक खास बात यह है कि अब इसमें मुख्य रूप से पांच फीसद और अठारह फीसद की सिर्फ दो श्रेणियां रखी गई हैं। इसके तहत कई आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर की दर घटाकर पांच फीसद या शून्य कर दी गई है। जीवन रक्षक दवाएं, जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा अब कर- मुक्त हो गए हैं। खेती- किसानी के लिए जरूरी कृषि उपकरणों पर कर दरों को भी तर्कसंगत बनाया गया है। सरकार का मानना है कि जीएसटी की दरों में कमी से किराने और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के खर्च में करीब तेरह फीसद की बचत होगी, जबकि शिक्षा से जुड़ी सामग्री, कपड़े, जूते और दवाइयों की खरीद पर 7-12 फीसद की बचत का अनुमान है। कम कर, कम कीमतें और सरल नियमों का मतलब है बेहतर बिक्री, कम अनुपालन बोझ और अवसरों में वृद्धि होगी। इससे छोटे उद्योगों, व्यापारियों और दुकानदारों को भी कारोबार में आसानी होने की उम्मीद है। चूंकि, ये कर सुधार त्योहारों की शुरुआत पर नवरात्रि के पहले दिन लागू हुए हैं, इसलिए सरकार की ओर से इन्हें 'जीएसटी बचत उत्सव' के नाम से प्रचारित किया जा रहा है। मगर उपभोक्ता के लिए असली उत्सव तब होगा, जब वास्तव में उन्हें कर छूट का सीधा लाभ मिलेगा। एक बड़ी समस्या यह भी है कि जिन कंपनियों के पास पहले से तैयार सामान का भंडार है, क्या वे उस पर दाम कम करेंगी। हालांकि, सरकार की ओर से इसके लिए दिशा-निर्देश बनाए गए हैं, लेकिन आम उपभोक्ताओं का एक वर्ग अब भी भ्रम की स्थिति में है। जीएसटी दरों में कटौती का एक मकसद भारत पर अमेरिका की ओर से लगाए गए पचास फीसद शुल्क के प्रभाव को कम करना भी है। आर्थिक विशेषज्ञ भी इस बात से सहमत हैं कि करों में कमी से लोगों की बचत में इजाफा होगा और उनकी खरीद क्षमता बढ़ेगी, जिसके परिणामस्वरूप देश में वस्तुओं की खपत भी बढ़ेगी। करों में राहत के साथ- साथ स्वदेशी उत्पादों को तरजीह देने और देश में उनकी खपत को बढ़ाने का मसला भी अहम है। बाजार में विदेशी सामान की चमक-दमक उपभोक्ताओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। सरकार की ओर से स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाएं शुरू की गई है, लेकिन इन्हें व्यापक बनाने की जरूरत है। तभी आयात पर निर्भरता कम होकर आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो पाएगा।

## बदलता रुख

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पिछले कुछ समय से जिस तरह के फैसले ले रहे हैं, उसमें एक विचित्र अस्थिरता दिख रही है । इससे यह भी पता चलता है कि वे शायद हड़बड़ी में ऐसे नीतिगत फैसले भी ले रहे हैं, जिनमें थोड़े ही वक्त बाद उन्हें बदलाव करना पड़ता है। बीते हफ्ते शुक्रवार को उन्होंने एच1बी वीजा के लिए लागत में पचास गुना बढ़ोतरी करके उसे एक लाख डालर यानी करीब अठासी लाख रुपए करने की घोषणा कर दी। इस शुल्क का भुगतान एकमुश्त करना होगा। जाहिर है, इसके बाद व्यापक पैमाने पर चिंता जताई जाने लगी कि अगर यह घोषणा अमल में आई तो खासतौर पर वहां भारतीयों के सामने कैसी स्थितियां पैदा होंगी, वे कैसे और कितने दिन टिक सकेंगे। मगर जैसे ही इसके असर की व्यापकता बहस का मुद्दा बनी, उसमें यह पक्ष भी सामने आया कि अगर यह अमल में आता है तो इससे खुद अमेरिकी हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसके बाद मची उथल-पुथल के बीच इस मसले पर उठे विवाद को शांत करने की कोशिश की गई और पहले के फैसले को बदलते हुए कहा गया कि यह शुल्क सिर्फ नए आवेदकों पर लागू होगा और एक बार ही देना पड़ेगा। निश्चित रूप से वहां एच1बी वीजा पर रह रहे भारतीयों के लिए फिलहाल यह राहत की बात होगी कि ताजा फैसले की जद में वे नहीं आएंगे। मगर पिछले कुछ समय में ऐसे कई उदाहरण सामने आए, जिनमें ट्रंप ने बार-बार अपने फैसले में बदलाव किया। यह स्थिति तब है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और आए दिन ऐसे संकेत सामने आ रहे हैं, जिससे पता चलता है कि परिस्थितियों में बदलाव भी आ सकता है। इस क्रम में भारत पर दबाव बनाने के मकसद से अमेरिका ने आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगा दिया और यहां तक कि रूस से तेल खरीदने के मामले में भी गैरजरूरी दखल देने की कोशिश की। सवाल है कि इसका असर आखिर क्या पड़ रहा है। अब तेजी से बदलती भू- राजनीतिक कूटनीति के दौर में वैश्विक समीकरण भी बदल रहे हैं। ऐसे में अमेरिका को शायद यह समझने की जरूरत है कि द्विपक्षीय संबंधों में बराबरी के स्तर पर एक दूसरे के हितों का ध्यान रखना जरूरी होता है।

# टाउन हॉल में मेले को लेकर व्यापारियों में भड़का आक्रोश, आधे दिन बाजार बंद, जोशीले नारों के बाद ज्ञापन व अल्टीमेटम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के टाउन हॉल में लगने वाले दशहरा दीपावली मेले को लेकर आक्रोश अब बढ़ता ही जा रहा है। आज बापू बाजार, शक्तिनगर और आस पास के व्यापारिक संगठनों ने जोरदार विरोध जातते हुए सूरजपोल पर प्रदर्शन किया। उसके बाद जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया और साफ कहा कि मेला नगर निगम में नहीं लगने दिया जाएगा। प्रशासन तुरंत वैकल्पिक स्थान तय करे नहीं तो उग्र प्रदर्शन होगा। आपको बता दें कि उदयपुर जिला प्रशासन में इन दिनों जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का कई मामलों में ऐस अड़ियल रवैया दिखाई दे रहा है जिसमें जनता के पक्ष को हर बार नजरअंदाज किया जा रहा है। वे मनमाने फैसले ले रहे हैं। फिर चाहे आयड़ नदी में पैसा पानी की तरह से बहाकर भ्रष्टाचार करने का मामला हो या फिर मनमाने तरीके से निगम में मेला लगाने के फैसले का हो। जनता की जरूरतों और उसकी तकलीफों से उनका कोई वास्ता ही नहीं लग रहा है। इस अड़ियल और गैर जिम्मेदाराना रवैये के खिलाफ आज व्यापारियों ने 12 बजे तक बंद रखा। बंद के दौरान सूरजपोल पुराने कंटोल रूम के बाहर व्यापारी एकता जिंदाबाद मेला स्थल बदलना होगा, निगम प्रशासन होंश में आओ, आदि जोशीले नारे लगाए। वहां से जुलूस के रूप में व्यापारी कलेक्टरी गए। बापू बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुखलाल साहू ने बताया कि इस दौरान टाउन हाल लिंक रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष कमलेंद्रसिंह पंवार, शक्ति नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश मनवानी, मध्य बापू बाजार व्यापारिक मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र बाबेल, बापू बाजार व्यापार मंडल अध्यक्ष विश्वेन्द्रसिंह पंवार, बापू बाजार सर्कल एसोसिएशन अध्यक्ष । प्रकाश आहुजा, बापू बाजार बैंक तिराहा व्यापार संघ अध्यक्ष अरविंद लोढ़ा सहित करीब 200 व्यापारी मौजूद थे। ज्ञापन में अल्टीमेटम दिया गया कि जल्दी फैसला नहीं किया गया तो आगे की रणनीति तय की जाएगी। व्यापारियों ने कलेक्टर से मेला स्थल फतह स्कूल, रेलवे ग्राउंड या फिर गांधी ग्राउंड रखने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने विचार के बाद फैसला करने की बात बताई। आपको बता दें कि पिछली बार भी व्यापारियों ने ज्ञापन दिया था मगर जिला प्रशासन ने उसे हल्के में लिया। यही नहीं निगम परिसर में मेले के टेण्डर भी मांग लिए। मगर ट्वंटी फोर न्यूज में समाचार प्रसारित होने के बाद विरोध बढ़ गया। निगम के सामने एलिवेटेड रोड का काम चल रहा है जिससे आम दिनों में ही जाम लग रहा है। अगर मेला लगा तो हालात बहुत ही ज्यादा विकट हो जाएंगे। इतनी छोटी सी बात उदयपुर का आम आदमी समझ रहा है मगर यहां के नेताओं और उनकी चरण वंदना में लगे अफसरों को यह बात समझ में नहीं आ रही है और वे मनमानी करते हुए फैसले ले रहे हैं, यह आश्चर्य का विषय है।

# उदयपुर से 4 अक्टूबर को रवाना होगी विशेष धार्मिक यात्रा ट्रेन, 12 दिन में करवाएगी देश के प्रमुख तीर्थों के दर्शन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्रद्धालुओं के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (IRCTC) ने "पुरी–गंगासागर–अयोध्या धाम यात्रा" नामक विशेष ट्रेन की घोषणा की है। यह यात्रा 4 अक्टूबर से शुरू होगी और कुल 12 दिनों तक चलेगी। ट्रेन उदयपुर से रवाना होकर चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, जयपुर और सवाई माधोपुर से यात्रियों को लेकर देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शन करवाएगी।

### तीन श्रेणियों में पैकेज

IRCTC, जयपुर के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश सैनी ने बताया कि यह भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन यात्रियों की सुविधा के लिए इकॉनमी, स्टैंडर्ड और कंफर्ट—तीन श्रेणियों में उपलब्ध होगी।
इकॉनमी पैकेज : 24,560 – नॉन-एसी यात्रा, नॉन-एसी आवास और नॉन-एसी बसें।
स्टैंडर्ड पैकेज : 34,500 – एसी ट्रेन यात्रा, नॉन-एसी आवास और नॉन-एसी बसें।
कंफर्ट पैकेज : 45,275 – एसी ट्रेन, एसी आवास और एसी बसें।
यात्रा में होटल-आवास, खानपान, ट्रांसपोर्टेशन, मंदिर दर्शन और बीमा जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। सरकारी कर्मचारियों को एलटीसी (लीव ट्रैवल कन्सेशन) का लाभ भी मिलेगा।
धार्मिक दृष्टि से अनोखी यात्रा
IRCTC के अपर महाप्रबंधक (पर्यटन) योगेंद्र सिंह गुर्जर के अनुसार, एक ही यात्रा में जगन्नाथ धाम, गंगासागर, बैद्यनाथ धाम, गया, काशी विश्वनाथ और अयोध्या धाम जैसे प्रमुख तीर्थों का दर्शन करना किसी भी श्रद्धालु के लिए असंभव सा होता है। इस पैकेज के जरिए श्रद्धालुओं को यह दुर्लभ अवसर मिलेगा।
यात्रा कार्यक्रम
4 अक्टूबर : ट्रेन उदयपुर से रवाना।
6 अक्टूबर : पुरी में जगन्नाथ धाम दर्शन।
7 अक्टूबर : कोणार्क सूर्य मंदिर दर्शन, कोलकाता प्रस्थान।
8 अक्टूबर : गंगासागर यात्रा।
9 अक्टूबर : काली घाट दर्शन, जसडीह के लिए प्रस्थान।
10 अक्टूबर : बैद्यनाथ धाम दर्शन, गया प्रस्थान।
11 अक्टूबर : महाबोधि और विष्णुपद मंदिर दर्शन, वाराणसी प्रस्थान।
12 अक्टूबर : काशी विश्वनाथ, विशालाक्षी, अन्नपूर्णा देवी मंदिर दर्शन और गंगा आरती।
13 अक्टूबर : अयोध्या में रामलला मंदिर और हनुमानगढ़ी दर्शन।
15 अक्टूबर : यात्रा का समापन उदयपुर में।
सुविधाएं और बुकिंग
यात्रियों के लिए ट्रेन में आधुनिक किचन-कार, बायो टॉयलेट्स और श्रेणी अनुसार आवास-परिवहन की व्यवस्था रहेगी। बुकिंग की प्रक्रिया आसान रखी गई है। इच्छुक यात्री IRCTC की आधिकारिक वेबसाइट WWW.IRCTCTOURISM.COM पर अपनी सीट सुरक्षित कर सकते हैं।

# शारीरिक शिक्षक की असभ्य भाषा और धमकी के खिलाफ लामबंद हुए सलूंबर जिले के निजी विद्यालय संचालक



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर जिले के निजी विद्यालय संचालक को सोशल मीडिया पर मिली गालियों और "पीकर ठोकने" की धमकी के विरोध में लामबंद हो गए हैं। जिले के समस्त निजी विद्यालय संचालकों ने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कमलेश पटेल को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी शारीरिक शिक्षक देवी लाल गोखले (राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कपूरावतों का बाड़ा) के खिलाफ 48 घंटे में सख्त कार्रवाई की मांग की।
मामला जिले में चल रही 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता से जुड़ा है, जिसके लिए विभाग द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में संचालकों को जोड़ा गया था। रविवार को आरोपी शिक्षक ने सभी निजी विद्यालय संचालकों को ग्रुप से हटा दिया। प्रताप संस्थान निदेशक प्रकाश शर्मा द्वारा जानकारी लेने पर आरोपी ने फोन पर गाली-गलौज करते हुए अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया और पीटने की धमकी दी। घटना का ऑडियो वायरल होने से निजी संचालकों में गहरी नाराजगी फैल गई। संघठन अध्यक्ष लव व्यास ने कहा कि "किसी भी सभ्य समाज में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए उत्तरदायी शिक्षक की ऐसी भाषा बर्दाश्त नहीं की जा सकती।" उन्होंने चेतावनी दी कि 48 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर आरोपी के खिलाफ कानूनी कदम उठाए जाएंगे और आगामी सत्र से निजी विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं करेंगे। ज्ञापन की प्रतिलिपि को उदयपुर संभागीय संयुक्त निदेशक कार्यालय को भी सौंपी गई है।

## पीएम मोदी की प्रस्तावित बांसवाड़ा यात्रा: डबोक एयरपोर्ट पर ट्रांजिट तैयारियों की समीक्षा




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 सितम्बर को प्रस्तावित बांसवाड़ा यात्रा के मद्देनज़र डबोक हवाई अड्डे पर संभावित ट्रांजिट यात्रा को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला कलक्टर नमित मेहता ने मंगलवार को विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अति विशिष्ट यात्रा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर जितेंद्र ओझा और दीपेंद्र सिंह राठौड़, यूडीए आयुक्त राहुल जैन, एएसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, एसीईओ वीरमा राम, भींडर एसडीएम रमेश चंद्र माहेश्वरी, बीएसएनएल के उप महाप्रबंधक सुरेश सोलंकी, सीआईडी डिप्टी डूंगर सिंह, सीएमएचओ डॉ. शंकर बामणिया सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 23 सितम्बर। आगामी 2 अक्टूबर को विजयदशमी पर्व पर माताजी प्रतिमा विसर्जन एवं दशहरा पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण रणजीत सिंह को भण्डारी दर्शक मण्डप पर रावण दहन कार्यक्रम, तहसीलदार गिर्वा श्यामसिंह चारण को सुभाष चौक पर रावण दहन कार्यक्रम, तहसीलदार उदयपुर विकास प्राधिकरण अभिनव शर्मा को गोर्वधन सागर पाल, तहसीलदार बडगांव हितेश त्रिवेदी को चांदपोल, तहसीलदार घासा राधेश्याम जोशी को उदयसागर, नायब तहसीलदार कार्यालय उपखण्ड मजिस्ट्रेट गिर्वा जबरदान चारण को जोगीतालाब व नेलातालाब, नायब तहसीलदार बडगांव रमेश राजपुरोहित को गंगु कुण्ड, नायब तहसीलदार गिर्वा पुष्पेन्द्र को दूध तालाई के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। साथ ही सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेट को अपने-अपने उपखण्ड क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## ओझा ने एडीएम सिटी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 23 सितम्बर। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जितेन्द्र ओझा ने मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया गया। जिला कलक्टर कार्यालय के कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह चुण्ड़ावत द्वारा गुलदस्ता भेंट कर नवीन अधिकारी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री पंकज तलेसरा, संस्थापन अधिकारी, राकेश कुमावत, जितेश रावल, अक्षय कोठारी, नेहा सिसोदिया, ममता मीणा, बनवारी लाल सैनी, फतहसिंह चुण्डावत, हारूण मोहम्मद, सुरेशसैनी, हिमांशु चौबीसा, मनोज श्रीमाली, शंभूसिंह, देवीसिंह, गोपाल बल्ला, कुलदीप खटीक, सागर मीणा, रेखा व अन्य कार्मिक मौजुद रहे।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व श्री ओझा उदयपुर विकास प्राधिकरण में उपायुक्त के पद पर कार्यरत थे।

## हवाला खुर्द में चबूतरे पर कब्जे को लेकर तनाव, पुलिस पर मिलीभगत के आरोप



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले के हवाला खुर्द गांव में सार्वजनिक चबूतरे पर कब्जे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर गांव के ही सत्यनारायण धाबाई और उनके परिवार पर लगातार झगड़े करने और झूठे मुकदमों में फंसाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सत्यनारायण ने थाना नाई के अधिकारी की मिलीभगत से सार्वजनिक चबूतरे को तोड़ने का प्रयास किया। आरोप है कि थानाधिकारी स्वयं बिना नंबर की गाड़ी से गांव पहुंचे और लोगों को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सत्यनारायण धाबाई और उसके परिवार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा थाना नाई के अधिकारी की कार्यप्रणाली की जांच किसी उच्च अधिकारी से करवाई जाए।

# जैन समाज के गरबा महोत्सव में देर रात तक खनके डांडिया

## - सर्वश्रेष्ठ गरबा नृत्य करने वाले 21 प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत -





**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 23 सितम्बर। धार्मिक उल्लास और भक्ति भावना के साथ सामाजिक संस्था श्री महावीर युवा मंच संस्थान, भारतीय जैन संघटना एवं जैन जागृति सेन्टर के संयुक्त तत्वावधान में तीनों ही संस्थाओं के मुख्य संरक्षक राजकुमार फत्तावत के निर्देशन में जैन समाज का गरबा महोत्सव का शुभारंभ मंगल गार्डन में हुआ। फत्तावत ने बताया कि डांडिया महोत्सव में जैन समाज के पारिवारिक सदस्यों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। शक्ति पूजन के साथ पारंपरिक नृत्य किया। अलग-अलग थीम पर गुजराती वेशभूषा पहन कर आए सदस्यों ने जमकर गरबा नृत्य किया। माताजी की आरती कपिल अंजली सुराणा एवं नितुल रेणु चंडालिया ने की। वहीं सर्वश्रेष्ठ गरबा नृत्य करने वाले 21 प्रतियोगियों को मनोज गणपत शाह, मयंक जीनल कोठारी आत्म प्रकाश रचना जैन ने अलग-अलग श्रेणियों में पारितोषिक प्रदान किया। डांडिया महोत्सव में महावीर युवा मंच संस्थान के अध्यक्ष अशोक कोठारी, महामंत्री विजयलक्ष्मी गलूंडिया, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा ऋतु मारू, महामंत्री प्रिया झगड़ावत, भारतीय जैन संघटना अध्यक्ष दीपक सिंघवी, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र गजावत, महामंत्री जितेन्द्र सिसोदिया, लेडिज विंग अध्यक्षा मीना कावडिय़ा, महामंत्री नीतू गजावत, जैन जागृति सेन्टर के अध्यक्ष अरूण मेहता, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन लोढ़ा, महामंत्री ललित कोठारी, लेडिज विंग अध्यक्षा नीता छाजेड़, महामंत्री रचिता मोगरा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रसंत पुलक सागर महाराज के सान्निध्य में ऋषभ कथा महोत्सव 27 सितम्बर से



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 23 सितम्बर। राष्ट्रसंत आचार्य पुलक सागर ससंघ के चातुर्मास अवसर पर सात दिवसीय ऋषभ कथा महोत्सव का आयोजन 27 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक नगर निगम प्रांगण में होगा। इस दौरान भगवान ऋषभदेव का जीवन चरित्र धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

चातुर्मास समिति अध्यक्ष विनोद फान्दोत ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत 27 सितम्बर को प्रातः 7:30 बजे शोभायात्रा (घट यात्रा) सर्वऋतु विलास से टाउन हॉल तक होगी। इसके बाद प्रातः 8:30 बजे कथा का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 8 बजे व शाम 5:30 बजे कथा और विविध मंचन होंगे। इसमें भगवान जन्मोत्सव, ऋषभ कुमार की बारात, युवराज का राज्याभिषेक, भरत–बाहुबलि युद्ध, वैराग्य आरती, समवशरण रचना, कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह जैसे कार्यक्रम शामिल रहेंगे।

प्रचार संयोजक विप्लव कुमार जैन ने बताया कि कथा आरंभ से पूर्व 25 सितम्बर को भक्ति संध्या एवं 26 सितम्बर को भगवान ऋषभदेव के माता-पिता बनने वाले विनोद–सीमा फान्दोत की गोद भराई का आयोजन होगा। 24 सितम्बर को माता-पिता को कथा हेतु निमंत्रण शोभायात्रा के रूप में दिया जाएगा। इसके पश्चात महावीर जिनालय में अमृत स्नान व हल्दी-मेंहदी का कार्यक्रम होगा।

मुख्य संयोजक पारस सिंघवी एवं अशोक शाह ने बताया कि महोत्सव में कथा पात्रों की भूमिकाएं समाजजनों को सौंपी गई हैं। इसमें माता-पिता की भूमिका विनोद–सीमा फान्दोत, ऋषभ कुमार की भूमिका उज्ज्वल भारती जैन और सौधर्म इंद्र की भूमिका अजमेर के सुनील–निवेदिता महतिया निभाएंगे। इनके साथ अन्य इंद्र–इंद्राणियों की भूमिकाएं भी तय की गई हैं।

# हनुमानगढ़ पुलिस का बड़ा एक्शनः पराली की आड़ में 2 करोड़ की शराब जब्त



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 23 सितंबर। हनुमानगढ़ पुलिस अधीक्षक हरी शंकर के निर्देश पर हनुमानगढ़ जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। पीलीबंगा थाना पुलिस ने पराली की आड़ में तस्करी की जा रही करोड़ों रुपये की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। जो पंजाब से तस्करी कर गुजरात ले जाई जा रही थी।

एसपी हरिशंकर ने बताया कि पीलीबंगा पुलिस थाने के उपनिरीक्षक मुकेश कुमार और उनकी टीम को मंगलवार 23 सितंबर को गश्त के दौरान मुखबिर से एक सूचना मिली। सूचना पर अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे पर जाखड़ावाली रेस्ट एरिया के पास, एक ट्रेलर (नंबर RJ 04 GB 0933) की तलाशी ली गई।

जांच में पाया गया कि चावल के भूसे (पराली) के कट्टों के नीचे पंजाब निर्मित शराब की पेटियां छिपाई गई थीं। पुलिस ने अलग-अलग ब्रांड (रॉयल स्टैग, ऑल सीजन और रॉयल चैलेंज) की कुल 943 पेटियों में भरी 11,316 बोतलें अंग्रेजी शराब जब्त की। जब्त की गई शराब और वाहन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान केशाराम जाट पुत्र हुकमाराम (22) और बांकाराम जाट पुत्र लाधा राम (30) के रूप में हुई है, जो बाड़मेर के थाना बीजराड़ इलाके के रहने वाले हैं। थाना पुलिस ने बताया कि यह शराब पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही थी।

पुलिस टीम अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि इस अंतर्राज्यीय तस्करी रैकेट के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने इस सफल कार्रवाई के लिए टीम की सराहना की है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार और कांस्टेबल चालक नरेंद्र कुमार की विशेष भूमिका रही।

# डाक विभाग भर्ती में फर्जी मार्कशीट से नौकरी पाने वाले दो व्यक्ति गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 23 सितंबर। भारतीय डाक विभाग में नौकरी पाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने वाले एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। अलवर पुलिस ने ग्रामीण डाक सेवक (GDS) के पद पर फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी प्राप्त करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तब की गई जब डाक विभाग की आंतरिक जांच में इन दस्तावेजों के फर्जी होने का पता चला।

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि साल 2022 में हुई भर्ती प्रक्रिय में 10वीं कक्षा के अंकों के आधार पर नियुक्ति दी गई थी। नियुक्ति के बाद जब डाक विभाग ने सफल उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जाँच करवाई तो हितेश कुमार, साहिल, मनीषा नैना, शैलेन्द्र कुमार और पिंटू कुमार जैसे कुछ लोगों द्वारा तमिलनाडु के चेन्नई बोर्ड की जाली मार्कशीट जमा करने का पता चला।

एसपी चौधरी ने बताया कि इस मामले में पहले हितेश कुमार को गिरफ्तार किया गया था। अब पुलिस ने शैलेन्द्र कुमार निवासी मुंडिया खेड़ा, खैरथल-तिजारा को भी गिरफ्तार किया है, जिसने बताया कि उसने यह फर्जी मार्कशीट अपने दोस्त संदीप यादव के माध्यम से प्राप्त की थी। संदीप यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। संदीप ने स्वीकार किया कि उसने एक कोचिंग सेंटर के संचालक से अपने और शैलेन्द्र के लिए फर्जी अंकतालिकाएं बनवाई थीं।

पुलिस अब इन दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि इस फर्जीवाड़े के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

# कोटा में 1.04 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर दिया था धोखा, बाकी साथियों की तलाश जारी



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 23 सितंबर। कोटा शहर की साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 1 करोड़ 4 लाख की साइबर ठगी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के बैंक खातों में हुए बड़े लेनदेन का खुलासा किया है और ठगी गई राशि का एक हिस्सा भी रिकवर कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर नगर निवासी विनोद कुमार जैन ने 6 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनसे शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे डलवाकर 1 करोड़ 4 लाख की ठगी की गई है।

इस गंभीर मामले को सुलझाने के लिए साइबर थानाधिकारी विनोद कुमार आरपीएस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बूंदी निवासी महावीर सुखवाल उर्फ डेनी पुत्र घनश्याम (25) निवासी लंका गेट थाना कोतवाली बूंदी को कोटा लैंडमार्क सिटी से डिटेन कर 18 सितम्बर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया गया था।

### ठगी का तरीका

जांच में सामने आया कि महावीर सुखवाल अपने दोस्तों के साथ मिलकर साइबर ठगी की गई रकम को अपने खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करवाता था। इसके बाद वह इस राशि को अपने परिचितों और रिश्तेदारों के खातों में भी भेज देता था। फिर वह चेक या एटीएम के जरिए पूरी रकम नकद निकाल लेता था। आरोपी इस पैसे का उपयोग ऑनलाइन करेंसी (USDT) खरीदने और लग्जरी लाइफ स्टाइल जीने में करता था। चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले एक महीने में उसके खाते में 1 करोड़ 66 लाख का लेनदेन हुआ था, जिसमें से उसने 77 लाख नकद निकाले थे।

पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 लाख परिवादी को वापस दिलवा दिए हैं और 10 लाख को विभिन्न बैंक खातों में होल्ड करवा दिया है। इस तरह कुल 22 लाख की राशि की रिकवरी हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपी के पास से 5 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं, जिनकी जांच चल रही है। पुलिस रिमांड पर चल रहे महावीर से अन्य आरोपियों और ठगी गई बाकी रकम के बारे में पूछताछ जारी है।

इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में इंस्पेक्टर सतीश चंद्र, एसआई सियाराम, हेड कांस्टेबल अर्जुन कुमार कांस्टेबल झाबरमल धर्मेंद्र तंवर जितेंद्र और सुरेश चालक शामिल थे। आरोपी की गिरफ्तारी में कांस्टेबल झाबरमल व धर्मेंद्र तंवर की विशेष भूमिका रही।

# खेताराम हत्याकांडः पुलिस का ऑपरेशन सफल, एक आरोपी गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर 23 सितंबर। बाड़मेर पुलिस को खेताराम हत्याकांड को सुलझाने में एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा के निर्देशन में काम कर रही विशेष टीमों ने इस सनसनीखेज वारदात के मुख्य आरोपियों में से एक मांगा लाल उर्फ मांगीलाल को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी मीणा ने बताया कि 17 सितंबर को सरणू में खेताराम की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी और उनके साथियों हरलाल उर्फ हरखाराम और वीरेंद्र पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया गया था।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना खुद देर रात राजकीय अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से मुलाकात की और घटनास्थल का भी बारीकी से निरीक्षण किया। अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए पुलिस ने तुरंत पूरे जिले और रेंज में नाकाबंदी करवाई। इसके साथ ही वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल, एमओबी और डॉग स्क्वॉड की टीमों को मौके पर बुलाया गया।

इस जघन्य अपराध को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसराम बोस, सीओ सुखाराम बिश्नोई के सुपरविजन एवं एसएचओ सदर सुमर सिंह और डीएसटी प्रभारी प्रेमाराम हेड कांस्टेबल के नेतृत्व में तुरंत कई टीमों का गठन किया, जिसमें डीएसटी, थाना सदर व रीको और गुड़ामालानी वृत्त कार्यालय के पुलिस अधिकारी और कार्मिक शामिल थे।

पुलिस ने लगातार दबिश देते हुए नामजद आरोपी मांगाराम उर्फ मांगीलाल जाट पुत्र निंबाराम निवासी गोदारों की सरा सिणधरी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था और उसे पकड़ने के लिए पुलिस टीमों ने बाड़मेर के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र और यहां तक कि बेंगलुरु तक उसकी तलाश की।

**क्या हुआ था उस दिन**

17 सितंबर की रात खेताराम अपने साथियों के साथ बोलेरो गाड़ी से घर जा रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते चंपालाल, ओमप्रकाश, मांगाराम और उनके अन्य साथियों ने स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल से उनका पीछा किया। उन्होंने गाड़ी रुकवाकर उन पर धारदार हथियारों से हमला किया। इस हमले में खेताराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथी हरलाल गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जोधपुर रेफर किया गया।

एसपी मीना ने बताया कि इस वारदात में इस्तेमाल की गई हरियाणा नम्बर की स्कॉर्पियो गाड़ी पहले ही जब्त कर ली गई थी। अब पुलिस फरार चल रहे मुख्य आरोपियों चंपालाल, ओमप्रकाश और उनके बाकी साथियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।


# गायक जुबीन गर्ग का गुवाहाटी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, हजारों प्रशंसक उमड़े



**24 न्यूज अपडेट**

गुवाहाटी। असम और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के प्रसिद्ध गायक जुबीन गर्ग का मंगलवार को गुवाहाटी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। श्मशान घाट पर गन सैल्यूट दिया गया और उनके लोकप्रिय गीतों की धुनों के बीच अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस दौरान माहौल भावुक हो उठा। उनकी पत्नी गरिमा सैकिया ताबूत से लिपटकर रो पड़ीं। अंतिम संस्कार में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा, परिजन और करीबी रिश्तेदारों के साथ हजारों प्रशंसक मौजूद रहे। इससे पहले गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (GMCH) में उनका दूसरा पोस्टमॉर्टम हुआ था। पहला पोस्टमॉर्टम सिंगापुर में किया गया था। जुबीन गर्ग का निधन 19 सितंबर को सिंगापुर में हुआ था। वे नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में हिस्सा लेने वहां गए थे। उनकी पत्नी ने बताया कि दोस्तों संग यॉट से समुद्र में उतरते समय उन्हें दौरा पड़ा और उन्होंने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। इसी वजह से उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन के बाद असम सरकार ने मामले की जांच CID को सौंप दी है। वहीं, जुबीन की पत्नी ने भावुक अपील करते हुए मैनेजर और साथियों के खिलाफ दर्ज शिकायत वापस लेने की मांग की थी। जुबीन गर्ग का जन्म 18 नवंबर 1972 को असम के तिनसुकिया जिले में हुआ था। वे न केवल गायक बल्कि संगीतकार, गीतकार, अभिनेता और निर्देशक भी रहे। उन्होंने असमिया, हिंदी सहित 40 भाषाओं और बोलियों में 38 हजार से अधिक गीत गाए। जुबीन को नॉर्थ ईस्ट का सबसे लोकप्रिय और सर्वाधिक पारिश्रमिक पाने वाला गायक माना जाता था।

# मान गए भाई साहब : लोग मांग रहे अहमदाबाद की गाड़ियां, मिल गई उदयपुर सिटी-चंडीगढ-उदयपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस



यात्रियों की सुविधा हेतु उदयपुर सिटी-चंडीगढ-उदयपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा का संचालन

गाडी संख्या 20989, उदयपुर सिटी-चंडीगढ द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा दिनांक 27.09.25 से उदयपुर सिटी से प्रत्येक बुधवार व शनिवार को 16.05 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 23.00 बजे आगमन व 23.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 09.50 बजे चंडीगढ पहुँचेगी

गाडी संख्या 20990, चंडीगढ-उदयपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा दिनांक 28.09.25 से चंडीगढ से प्रत्येक गुरूवार व रविवार को 11.20 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 21.15 बजे आगमन व 21.25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 05.25 बजे उदयपुर सिटी पहुँचेगी

नई रेल सेवा की समय सारणी निम्नानुसार है:–

| 20989, उदयपुर सिटी–चंडीगढ द्वि–साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा दिनांक 27.09.25 से उदयपुर सिटी से प्रत्येक बुधवार व शनिवार को | | स्टेशन | 20990, चंडीगढ–उदयपुर सिटी द्वि–साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा दिनांक 28.09.25 से चंडीगढ से प्रत्येक गुरूवार व रविवार को | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 16.05 | उदयपुर सिटी | 05.25 | — |
| 16.13 | 16.15 | राणाप्रतापनगर | 04.52 | 04.54 |
| 16.46 | 16.48 | मावली | 04.18 | 04.20 |
| 17.14 | 17.16 | कपासन | 03.48 | 03.50 |
| 18.00 | 18.02 | चंदेरिया | 02.55 | 02.57 |
| 18.45 | 18.50 | भीलवाडा | 01.45 | 01.50 |
| 19.33 | 19.35 | बिजयनगर | 00.33 | 00.35 |
| 20.50 | 21.00 | अजमेर | 23.35 | 23.45 |
| 21.27 | 21.29 | किशनगढ | 22.55 | 22.57 |
| 22.08 | 22.10 | फुलेरा | 22.15 | 22.17 |
| 23.00 | 23.10 | जयपुर | 21.15 | 21.25 |
| 23.21 | 23.24 | गांधीनगर जयपुर | 20.48 | 20.51 |
| 00.01 | 00.03 | दौसा | 20.09 | 20.11 |
| 00.21 | 00.23 | बांदीकुई | 19.46 | 19.48 |
| 00.44 | 00.46 | राजगढ | 19.20 | 19.22 |
| 01.23 | 01.26 | अलवर | 18.51 | 18.54 |
| 03.05 | 03.10 | रेवाडी | 17.55 | 17.57 |
| 03.51 | 03.53 | झज्जर | 16.38 | 16.40 |
| 04.23 | 04.28 | रोहतक | 16.00 | 16.05 |
| 05.08 | 05.10 | जीन्द | 15.18 | 15.20 |
| 05.35 | 05.37 | नरवाना | 14.46 | 14.48 |
| 06.10 | 06.12 | कैथल | 14.03 | 14.05 |
| 07.10 | 07.50 | कुरुक्षेत्र | 12.50 | 13.20 |
| 09.05 | 09.10 | अम्बाला कैंट | 12.05 | 12.10 |
| 09.50 | — | चंडीगढ | — | 11.20 |

इस गाडी में 02 सैकण्ड एसी, 06 थर्ड एसी, 02 थर्ड एसी इकोनोमी, 06 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी, 01 पॉवरकार व 01 गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बें होगें

Like or follow us: /NWRailways /NWRailways_

24 News update

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। रेलवे भी कमाल करता है। लोगों की बजाय नेताओं की सुनता है। रेलवे भले ही चलता जनता के पैसों से है मगर यहां पर नेताओं की ही तूती बोलती है। अफसर भी उन्हीं की हाजिरी बजाते है। उदयपुर के रेलप्रेमी बरसों से अहमदाबाद का ट्रेक पूरा होने व चालू होने के बाद लंबी दूरी की रेलगगाड़ियों से बेंगलूरू व मुंबई की रेलगाड़ियां मांग रहे हैं। ज्ञापन देकर थक गए हैं, अभियान चलाकर दिमाग का दही कर दिया है लेकिन एप्रोच वाले भाई साहब के चलते गाड़ी चंडीगढ़ की मिल रही है।

खबर आई है कि उदयपुर सिटी-चंडीगढ-उदयपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 20989, उदयपुर सिटी-चंडीगढ द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा दिनांक 27.09.25 से उदयपुर सिटी से प्रत्येक बुधवार व शनिवार को 16.05 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 23.00 बजे आगमन व 23.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 09.50 बजे चंडीगढ पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 20990, चंडीगढ-उदयपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई रेलसेवा दिनांक 28.09.25 से चंडीगढ से प्रत्येक गुरूवार व रविवार को 11.20 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 21.15 बजे आगमन व 21.25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 05.25 बजे उदयपुर सिटी पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में राणाप्रतापनगर, मावली, कपासन, चंदेरिया, भीलवाडा, बिजयनगर, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, राजगढ, अलवर, रेवाडी, झज्जर, रोहतक, जीन्द, नरवाना, कैथल, कुरूक्षेत्र व अम्बाला कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाडी में 02 सैकण्ड एसी, 06 थर्ड एसी, 02 थर्ड एसी इकोनोमी, 06 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी, 01 पॉवरकार व 01 गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बें होगें।

# सांसद राजकुमार रोत का धरनाः पीएम मोदी की बांसवाड़ा यात्रा से पहले विस्थापितों की 30 सूत्री मांगें उठीं



**24 न्यूज अपडेट**

बांसवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को राजस्थान-मध्यप्रदेश की सीमा पर करीब 45 हजार करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास करने बांसवाड़ा पहुंचेंगे। इससे पहले ही परियोजना से प्रभावित लोगों की आवाज बुलंद होने लगी है। मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) सांसद राजकुमार रोत विस्थापितों के साथ जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को 30 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। करीब दो घंटे तक चले इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं और विस्थापित परिवारों ने जमकर नारेबाजी की। सांसद रोत ने कहा कि कलेक्टर ने कुछ मांगों पर सहमति का आश्वासन दिया है, लेकिन सभी मुद्दों का समाधान नहीं हुआ। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा।

## सांसद रोत के आरोप

धरना स्थल पर सांसद ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही पार्टियां इस मामले में मिली हुई हैं। जमीन अधिग्रहण और परियोजना संबंधी सभी कार्य दोनों ही दलों की सरकारों में आगे बढ़ाए गए हैं। उन्होंने कहा कि "कमल और कांग्रेस एक हैं।"

## मुआवजा और पर्यावरण को लेकर सवाल

सांसद ने आरोप लगाया कि प्रभावित किसानों से 50 लाख प्रति बीघा मुआवजा देने का माहौल बनाया गया, लेकिन अंततः उन्हें केवल 7.68 लाख प्रति बीघा ही मिला। उन्होंने मांग की कि एनपीसीआईएल अपने आश्वासन के अनुसार उचित मुआवजा दे। साथ ही परियोजना से निकलने वाले रिएक्टर के दूषित पानी को माही नदी में छोड़ने की योजना का भी विरोध किया गया। रोत ने कहा कि इससे जलीय जीव-जंतु, मछुआरों की आजीविका और स्थानीय जैव विविधता प्रभावित होगी। विस्थापन को लेकर गंभीर सवाल प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि परियोजना के लिए जिन परिवारों को विस्थापित किया जा रहा है, उनमें से कई पहले ही माही बांध बनने पर विस्थापित हो चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि एक परिवार को जीवनकाल में दो बार विस्थापित नहीं किया जा सकता। यह फैसला सीधे-सीधे न्यायालय के आदेश का उल्लंघन है।

## प्रमुख मांगें

प्रत्येक बेघर परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए।

प्रत्येक किसान को जमीन के बदले जमीन दी जाए। योजना का विरोध कर रहे लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। प्रभावित किसानों को एक ही जगह कृषि योग्य भूमि उपलब्ध कराई जाए।

प्रभावित परिवार के 18 वर्ष से ऊपर के सदस्य को नौकरी दी जाए। विवाहित पुत्रों को नगर परिषद क्षेत्र में 1600 वर्गफीट मकान उपलब्ध कराए जाएं। भूमिहीन किसानों को जमीन, नौकरी व सुविधाएं दी जाएं। परियोजना से होने वाले मुनाफे का 20 प्रतिशत हिस्सा 100 साल तक किसानों को मिले। प्रत्येक प्रभावित परिवार को 25 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाए। बेरोजगार युवाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण और नौकरी उपलब्ध कराई जाए।

# उदयपुर में 27 सितंबर को रंगारंग सिंधी सांस्कृतिक महोत्सव, दिखाई देगा समाज की समृद्ध परंपरा

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशन में राजस्थान सिंधी अकादमी, झूलेलाल सिंधी सेंट्रल पंचायत और शहीद हेमू कालानी युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर में 27 सितंबर, शनिवार शाम 6 बजे एक भव्य सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम टाउन हॉल स्थित सुखाड़िया रंगमंच पर संपन्न होगा। कार्यक्रम संयोजक राजेश खत्री ने बताया कि इस अवसर पर राज्यसभा सांसद चन्नीलाल गरासिया, शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरामानी, पूर्व राज्य मंत्री हरीश राजानी और झूलेलाल सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष प्रतापराय चुग प्रमुख रूप से शामिल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिव्या कुमारी के आने की पूरी संभावना है।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

सिंधी सेंट्रल पंचायत महासचिव कैलाश नेभनानी ने बताया कि अहमदाबाद की विजन सिंधु चिल्ड्रन अकादमी के 25 कलाकार अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। प्रस्तुतियों में सिंधी समाज की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी।

## निःशुल्क प्रवेश और समाज की सहभागिता

डॉ. रजनीश हर्ष (सचिव, राजस्थान सिंधी अकादमी) ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। शहर की सभी सिंधी पंचायतों और युवा संगठनों को विशेष निमंत्रण भेजा गया है, ताकि अधिकतम संख्या में लोग इस आयोजन का हिस्सा बन सकें।

## समाज में उत्साह

आयोजकों का मानना है कि यह कार्यक्रम सिंधी समाज की सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के साथ-साथ समाज में एकता और सहभागिता की भावना को भी प्रोत्साहित करेगा।

# MLSU कुलपति के खिलाफ ABVP का विरोध आठवें दिन भी जारी, हल्दी घाटी की माटी से किया तिलक



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (एमएलएसयू) में कुलपति सुनीता मिश्रा के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) का विरोध-प्रदर्शन लगातार आठवें दिन भी जारी रहा। मंगलवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने हल्दी घाटी की माटी से तिलक कर विश्वविद्यालय बंद कराया और कुलपति की बर्खास्तगी की मांग को लेकर हड़ताल पर डटे रहे। प्रांत सह मंत्री कुलदीप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने छात्रों को मेवाड़ के बलिदान की भावना जगाने का आह्वान किया। इस दौरान विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों को भी बंद कराया गया।

आरोपः मेवाड़ की परंपराओं का अपमान एबीवीपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कुलपति ने औरंगजेब को "महान शासक" बताकर मेवाड़ की परंपराओं और बलिदानी इतिहास का अपमान किया है। साथ ही उन पर भ्रष्टाचार और मनमानी कर शैक्षणिक माहौल खराब करने के भी आरोप लगाए गए।

महानगर मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने रैली निकालकर प्रशासनिक भवन तक पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। वहीं इकाई अध्यक्ष प्रवीण टांक ने कहा कि "माफी मांगने से अपमान की भरपाई नहीं हो सकती। यदि कुलपति को नहीं हटाया गया तो आंदोलन और उग्र होगा तथा विश्वविद्यालय इसी तरह बंद रहेगा।"

## प्रदर्शन में मौजूद रहे

विरोध प्रदर्शन के दौरान किरण वैष्णव, त्रिभुवन सिंह, पार्थ दीक्षित, विवेक पाटीदार, अंशुमान सिंह, चिराग तिवारी, पीयूष झाला, चंद्रकिरण, कोमल वैष्णव, सुमन कुंवर, करिश्मा पारंगी, हर्ष राजपुरोहित, क्रिश मूनोत, गौरव मेनारिया और युवराज सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजसमंद में मार्बल फैक्ट्री के केबल चोरी का खुलासा, 2 गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

राजसमंद। आमेट पुलिस ने राज श्री मार्बल फैक्ट्री, कोटड़ी जोगीमगरा से हुई केबल चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में चोरी करने वाला आरोपी चेनीराम और चोरी का माल खरीदने वाला भैरूलाल शामिल हैं। आमेट थाना इंचार्ज ओम सिंह के अनुसार, 15 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में केबल चुरा ली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक और वृत्ताधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि पहले से गिरफ्तार आरोपी बाबूलाल भील ने अपने साथी मदनलाल उर्फ मुनीम, चेनीराम और किशन के साथ मिलकर चोरी की वारदात अंजाम दी। पुलिस ने 21 सितंबर को चेनीराम (25) को गिरफ्तार कर अपराध कबूल कराया। इसके अलावा चोरी का माल खरीदने वाले भैरूलाल (36) को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिनभर मार्बल फैक्ट्रियों और माइंस की रेकी कर रात में मोटरसाइकिल से पहुंचकर केबल काटते, फिर सुनसान जगह पर जलाकर तांबा निकालकर बेच देते थे। पुलिस ने इस दौरान 30.820 किलो जला हुआ तांबा बरामद किया। आरोपियों का कहना है कि वे नशे के आदी हैं और शौक़-मौज के लिए चोरी करते थे।

# महिंद्रा ने लॉन्च की नई CEV-V रेंज, पर्यावरण मानकों के अनुरूप अत्याधुनिक उपकरण



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। निर्माण क्षेत्र में अपनी पकड़ को और मजबूत करते हुए महिंद्रा ने मंगलवार को नई CEV-V रेंज की कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लॉन्च की। कंपनी ने इस रेंज में अपग्रेडेड अर्थमास्टर बैकहो लोडर और रोडमास्टर मोटर ग्रेडर को शामिल किया है। इन उपकरणों को आधुनिक तकनीक, पर्यावरणीय मानकों और बेहतर ईंधन दक्षता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

## पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी अपग्रेड

महिंद्रा की नई रेंज CEV-V (कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट व्हीकल स्टेज 5) उत्सर्जन मानकों के अनुरूप है, जिससे यह भारत सरकार के ग्रीन मिशन और पर्यावरण संरक्षण लक्ष्यों में सहयोगी सिद्ध होगी। कंपनी का दावा है कि नए इंजन न केवल अधिक शक्तिशाली हैं, बल्कि प्रदूषण स्तर को भी कम करेंगे।

## दमदार इंजन और आरामदायक केबिन

नए मॉडल्स में रोडमास्टर G100 मोटर ग्रेडर को 102 एचपी इंजन से लैस किया गया है, वहीं अर्थमास्टर SX बैकहो लोडर में 74 एचपी का इंजन लगाया गया है। ऑपरेटर की सुविधा के लिए मशीनों में बड़ी और आरामदायक केबिन दी गई है, जिससे लंबे समय तक काम करने पर भी थकान कम महसूस होगी। iMAXX टेलीमैटिक्स और रियल-टाइम मॉनिटरिंग नई रेंज की एक और विशेषता iMAXX टेलीमैटिक्स तकनीक है, जो ईंधन की बचत, मशीन की कार्यकुशलता और संचालन की निगरानी को आसान बनाएगी। इसके जरिए ठेकेदार और ऑपरेटर वास्तविक समय में डेटा एनालिसिस कर सकेंगे।

## ग्राहकों के लिए

'अपटाइम सर्विस गारंटी' ग्राहक सेवा को ध्यान में रखते हुए महिंद्रा ने 48 घंटे की अपटाइम सर्विस गारंटी भी घोषित की है। यदि मशीन को निर्धारित समय में ठीक नहीं किया गया तो ग्राहकों को प्रतिदिन 1000 का मुआवजा मिलेगा। उद्योग और बाज़ार पर असर महिंद्रा की इस नई लॉन्चिंग से कंस्ट्रक्शन उपकरण उद्योग में प्रतिस्पर्धा और तेज होने की संभावना है। विशेषज्ञों का मानना है कि CEV-V रेंज के उपकरण छोटे और बड़े दोनों स्तर के निर्माण कार्यों में उपयोगी साबित होंगे। महिंद्रा कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीजन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "हमारा उद्देश्य भारतीय निर्माण उद्योग को ऐसे उपकरण उपलब्ध कराना है, जो पर्यावरण के अनुकूल हों और ऑपरेटरों को बेहतर सुविधा प्रदान करें। यह लॉन्च हमारी स्थिरता और तकनीकी नवाचार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।" महिंद्रा ने इस रेंज का पहला अनावरण दिसंबर 2024 में बाओमा कॉनएक्सपो में किया था। इसके बाद अगस्त 2025 में इसके भारतीय बाज़ार में उपलब्ध होने की आधिकारिक घोषणा की गई थी।

# महावीर जैन जागृति परिषद् का तपस्वी अभिनंदन समारोह 28 सितंबर को

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। हिरण मगरी उपनगरीय परिक्षेत्र के सकल जैन समाज की प्रतिनिधी संस्था महावीर जैन जागृति परिषद् 28 सितंबर को सेक्टर 3 स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रांगण में दोपहर 2 बजे तपस्वी अभिनंदन समारोह आयोजित करेगी। समारोह में चार्तुमास काल में 8 और अधिक उपवास करने वाले लगभग 100 तपस्वी श्रावक-श्राविकाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही परिषद् उपनगरीय परिक्षेत्र के सभी जैन संघों और संस्थाओं के अध्यक्ष व मंत्रियों को संघ, समाज और परिषद् में उनके योगदान के लिए सम्मानित करेगी। समारोह के सफल आयोजन के लिए प्रमुख सदस्यों और परिषद् की महिला प्रकोष्ठ तथा भोजन व्यवस्था समिति को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। इस अवसर पर तपस्वी, दानवीर आदि सुश्रावक का नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। समिति ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्राकृत—संस्कृत पांडुलिपियों की ज्ञानपरंपरा पर डॉ. सुमत जैन का विशेष व्याख्यान




**24 न्यूज अपडेट**

लाडनूं। जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं में आयोजित राष्ट्रीय पांडुलिपि कार्यशाला के दौरान मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के जैनविद्या एवं प्राकृत विभाग के प्रभारी अध्यक्ष डॉ. सुमत कुमार जैन ने विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। डॉ. जैन ने अपने व्याख्यान में जैन प्राकृत, संस्कृत और अपभ्रंश भाषाओं की पांडुलिपियों में संरक्षित ज्ञानपरंपरा और उनके ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विस्तार से बताया कि इन पांडुलिपियों में लेखन के लिए प्रयुक्त उपकरण, विभिन्न विशेष प्रकार की प्रतिलिपियाँ तथा उनमें प्रयुक्त प्रतीक-चिह्न विद्वानों के लिए महत्वपूर्ण अध्ययन सामग्री प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि पांडुलिपि विज्ञान पर ही उन्होंने अपनी पीएच.डी. पूरी की है और यह उनका सबसे प्रिय शोध विषय रहा है।




**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।